## चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार,

## 1 अप्रैल से 15 अप्रैल 2024 तक कपास की खेती के लिए सुझाव

### बिजाई का समय

- कपास की बिजाई अप्रैल में शुरू कर मध्य मई तक कर लें। जून माह में कपास की बिजाई न करें। बिजाई से पहले पलेवा गहरा लगाएं, बिजाई सुबह या शाम के समय की जानी चाहिए। पूर्व से पश्चिम की दिशा में कपास की बिजाई लाभकारी होती है।
- देसी कपास की बिजाई अप्रैल माह में ही कर ले।
- खेत की तैयारी सुबह या शाम को ही करें खरपतवार के लिए स्टोम्प 2 लीटर प्रति एकड़ का छिड़काव बिजाई के बाद व जमाव से पहले करें बीटी कपास दो खूडों के बीच में मुंग (MH 421 ) के दो खुड सकते हैं।
- जो किसान भाई टपका विधि से बीटी कपास की बिजाई करना चाहते हैं वह जब तक जमाव नहीं होता तब तक रोज 10 से 15 मिनट सुबह–शाम ड्रिप अवश्य चलाएं व जमाव के बाद हर चौथे दिन लगभग 30 से 35 मिनट ड्रिप चलाएं।

### उर्वरक

- किसान भाई मिट्टी की जांच अवश्य करवाएं, मिट्टी की जांच के आधार पर ही पोषक तत्व की मात्रा तय की जानी चाहिए। बी टी कपास की बिजाई के समय एक एकड़ में एक बैग यूरिया, एक बैग डी.ए.पी, 30 से 40 किलो ग्राम पोटाश व 10 किलो ग्राम जिंक सल्फेट (21 प्रतिशत खेत की तैयारी के समय अवश्य डालें।
- देसी कपास की बिजाई के समय एक एकड़ में 15 किलो ग्राम यूरिया व 10 किलो ग्राम जिंक सल्फेट अवश्य डालें।

### उन्नत किस्में

- हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा विकसित देसी कपास की उन्नत किस्में –
  **देसी कपास** की उन्नत किस्में – **एच डी 123 , एच डी 432**
- किसान भाई बी टी कपास का विश्वविद्यालय द्वारा सिफारिश किया हुआ बीज ही लें (सूचि सलंग्न)। इसकी जानकारी के लिए आप जिले के कृषि विभाग या कृषि विज्ञान केंद्र से संपर्क कर सकते हैं। बी टी कपास का बीज प्रमाणित संस्था या अधिकृत विक्रेता से ही लें तथा इसका पक्का बिल अवश्य लें।

बीज की मात्रा

| किस्म | रोंए उतारे बीज (कि.ग्रा. प्रति एकड) | रोंएदार बीज (कि.ग्रा. प्रति एकड) |
|---|---|---|
| अमरीकन कपास | 6–8 | 8–10 |
| बी टी कपास की संकर किस्में | 0.850 | – |
| देसी कपास की संकर किस्में | 1.2 –1.5 | – |
| देसी कपास | 5.0 | 6.0 |

- बीटी कपास के दो पैकेट प्रति एकड़ के हिसाब से बिजाई करें। कतार से कतार व पौधे से पौधे की दूरी 100 x 45 सेंटीमीटर या 67.5 x 60 सेंटीमीटर रखें।

**महत्वपूर्ण सावधानियाँ**

- वर्तमान में गुलाबी सुंडी के प्रति बी टी कपास का प्रतिरोधक बीज उपलब्ध नहीं है अतः 3G, 4G एवं 5G के नाम से आने वाले बीजों से सावधान रहें।
- गुलाबी सुण्डी बी टी नरमे के दो बीजों (बिनौले) को जोड़कर 'भंडारित लकड़ियों' में निवास करती है, इसलिए लकड़ी व बिनौलों का भण्डारण सावधानीपूर्वक करें ।
- **किसान भाई अपने खेत में या आसपास रखी गई पिछले साल की नरमा की लकड़ियों के टिन्डे एवं पत्तों को झटका कर अलग कर दें एवं इक्कठा हुए कचरे को नष्ट कर दें। इन लकड़ियों के टिन्डो में गुलाबी सुंडी निवास करती है अतः यह कार्य मार्च महीने के अंत तक जरूर कर लें।**
- जिन किसान भाइयों ने अपने खेतों में बी टी नरमा की लकड़ियों को भंडारित करके रखा है या उनके खेतों के आसपास कपास की जिनिंग व बिनौलों से तेल निकालने वाली मिल लगती है उन किसानों को अपने खेतों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है क्योंकि इन किसानों के खेतों में गुलाबी सुण्डी का प्रकोप अधिक होता है।
- कपास की शुरुआती अवस्था में ज्यादा जहरीले कीटनाशको का प्रयोग ना करें। ऐसा करने से मित्र कीटों की संख्या भी कम हो जाती है।
- विश्वविद्यालय द्वारा कपास की खेती के लिए हर 15 दिन में वैज्ञानिक सलाह जारी की जाती है अतः उसके अनुसार ही सस्य क्रियांए एवं कीटनाशकों का प्रयोग करें।

**बीज का उपचार**

- जो किसान भाई अमेरिकन कपास (नॉन बी टी) या देसी कपास की बिजाई करना चाहते हैं बढ़िया परिणाम के लिए बिजाई से पहले नीचे दी गई दवाइयों से बीज को उपचारित करें । बिजाई से पहले रोए वाले बीज (6 – 8 किलोग्राम) का 6 से 8 घंटे तक तथा रोए उतारे गए बीज (5–6 किलोग्राम) का केवल 2 घंटे तक निम्नलिखित दवाइयों से उपचार करें।
- एमिशन– 5 ग्राम, स्ट्रेप्टोसाइक्लीन–1 ग्राम, सक्सीनिक – 1 ग्राम, को 10 लीटर पानी में मिलाकर उपचारित करें।

- इन दवाइयों से बीज उपचारित करने से पौधों का बहुत से फफूंदो तथा जीवाणुओं से बचाव हो जाता है। यह उपचार फसल को 40 – 50 दिन तक ही बचा सकता है। इसके बाद छिड़काव कार्यक्रम आरंभ कर दें।
- जिन क्षेत्रों में दीमक की समस्या हो वहां उपयुक्त उपचार के बाद बीज को थोड़ा सुखाकर 10 मिली लीटर क्लोरपाइरीफॉस 20 ई. सी. व 10 मिली लीटर पानी प्रति किलो बीज की दर से मिलाकर थोड़ा–थोड़ा बीज पर छिड़के व अच्छी तरह मिलाएं तथा बाद में 30 – 40 मिनट बीज को छाया में सुखाकर बिजाई करें।

**इसके अतिरिक्त कोई भी संशय होने पर निम्नलिखित नंबरों पर संपर्क करें**

8002398139 7015105638 9812700110 9416530089 9041126105 9992911570 8901047834


**कपास अनुभाग**

**चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार**

## खरीफ 2024 के लिए बी टी कपास की अनुशंसित संकर किस्में

| Sr. No. | Hybrid | Sponsoring Company |
|---|---|---|
| 1 | ACH 133-2 BGII | Ajeet Seeds Pvt Ltd |
| 2 | ACH 177-2 BGII | |
| 3 | ACH 33-2 BGII | |
| 4 | ACH 155-2 BGII | |
| 5 | ABCH 248 BGII | Amar Biotech Limited |
| 6 | ABCH252 BGII | |
| 7 | ABCH 4899 BGII | |
| 8 | ABCH 243 BGII | |
| 9 | ABCH 254 BGII | |
| 10 | ANKUR 3244 BGII | Ankur Seed Pvt Ltd |
| 11 | ANKUR 3244 BGII | |
| 12 | ANKUR 3228 BGII | |
| 13 | ANKUR 5642 BGII | |
| 14 | ANKUR JASSI BGII | |
| 15 | ANKUR 555BG II | |
| 16 | ANKUR 999 BGII | |
| 17 | BIO 6524 BG II | Bioseed Shriram Ltd |
| 18 | BIO 2510-2 BGII | |
| 19 | BIO 311-2 BGII | |
| 20 | BIO 6539-2 BGII | |
| 21 | BIO 841-2 BGII | |
| 22 | BIO 846-2 BGII | |
| 23 | GBCH 85 BG II | Green Gold Seeds |
| 24 | KCH 172 BGII | Kaveri Seeds Pvt Ltd |
| 25 | KCH 999 BGII | |
| 26 | KSCH 207 BGII | Kohinoor Seeds Pvt Ltd |
| 27 | KSCH 211 BG II | |
| 28 | KDCHH 441 BGII | Krishidhan Seeds Pvt Ltd |
| 29 | KDCHH 621 BGII | |
| 30 | KDCHH 641 BGII | |
| 31 | MRC 7301 BGII | MahycoPvt Ltd |
| 32 | MRC 7361 BGII | |
| 33 | MRC 7365 BGII | |
| 34 | VICH 308 BGII | |
| 35 | VICH 309 BGII | |
| 36 | VICH 310 BGII | |
| 37 | NCCH 0316 BG II | Navkaar Hybrid Seeds |
| 38 | NCS 4455 BGII | Nuziveedu Seeds |
| 39 | NCS 459 BGII | |
| 40 | NCS558 BG II | |
| 41 | NCS 495 BGII | |
| 42 | NCS 855 BGII | |
| 43 | NCS 857 BGII | |
| 44 | NCS 9002 BGII | |
| 45 | NCS 9013 BGII | |
| 46 | NCS 9024 BGII | |

| | | |
|---|---|---|
| 47 | NCS 950 BGII | |
| 48 | PCH 225 BGII | Prabhat Agri Biotech |
| 49 | PCH 877 BGII | |
| 50 | PCH 879 BGII | |
| 51 | PCH 9604 BGII | |
| 52 | PCH 9611 BGII | |
| 53 | PRCH 302 BGII | Pravardhan Seeds Pvt Ltd |
| 54 | PRCH 333 BGII | |
| 55 | PRCH 7799 BG II | |
| 56 | MH 5302 BGII | Rallies India Ltd |
| 57 | MH5304 BG II | |
| 58 | RCH 314 BGII | Rasi Seeds Pvt Ltd |
| 59 | RCH 650 BGII | |
| 60 | RCH 653 BG II | |
| 61 | RCH 605 BG II | |
| 62 | RCH 791 BG II | |
| 63 | RCH 773 BGII | |
| 64 | RCH 776 BGII | |
| 65 | SHAKTI 9 BGII | |
| 66 | SWCH 4735 BGII | Seeds Works International Pvt Ltd |
| 67 | SWCH 4750 BGII | |
| 68 | SWCH 4768 BGII | |
| 69 | NAMCOT 616 BGII | Senthil Seeds |
| 70 | SOLAR 56 BGII | Solar Agro Pvt Ltd |
| 71 | SOLAR 65 BGII | |
| 72 | SOLAR 77 BGII | |
| 73 | SUPER 965 BGII | Super Seeds Pvt Ltd |
| 74 | SUPER 5 BGII | |
| 75 | SUPER 971 BGII | |
| 76 | SUPER 544 BGII | |
| 77 | SUPER 721 BG II | |
| 78 | SUPER 931 BGII | |